Title: Demand to set up Caste Abolition Commissions at the Centre and State levels.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर): उपाध्यक्ष महोदय, आज अपने देश में जातिवाद बराबर बढ़ता जा रहा है। अगर इस देश को मजबूत बनाना है तो इस देश से जातिवाद को खत्म करना होगा। इसके लिये सरकार कॉस्ट अबोलीशन कमीशन बनाये जो केन्द्र और राज्य स्तर पर हो। इससे देश में जातिवाद को खत्म करने में मदद मिलेगी। मेरा यही निवेदन है।

श्री प्रमोद महाजन : उपाध्यक्ष महोदय, जाति प्रथा पर आधारित समाज में जाति प्रथा निर्मूलित करके जातिविहीन समाज का निर्माण होना चाहिये। माननीय सदस्य ने जो भावना व्यक्त की है, मैं उनकी भावना से सहमत हूं। जाति के आधार पर जो ऊंच-नीच की भावना बढ़ी है, वह नहीं होनी चाहिये। एक समता समाज हो और उन्होंने जो सुझाव दिया है कि एक कमीशन बनना चाहिये, इस बात का अध्ययन करना पड़ेगा।